दिनांक 26.11.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई नगर / महापौर परिषद् में पारित संकल्प के परिपालन में आयुक्त रोहित व्यास ने जोन क्रमांक 02 एवं 03 के कुछ बस्तियों में संक्रामक बीमारी डायरिया के फैलने के कारणों की जांच हेतु 09 सदस्यीय जांच समिति गठन आदेश जारी किये है।

गठित समिति में जलकार्य प्रभारी केशव चौबे , खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू , सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य संदीप निरंकारी , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार जोशी , अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन , कार्यपालन अभियंता जलकार्य संजय शर्मा , उपायुक्त रमाकांत साहू , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा को शामिल किये गये हैं।आयुक्त श्री व्यास द्वारा 25 नवम्बर को जारी आदेश क्र. 23 के अनुसार समिति के सदस्यों को 06 बिन्दुओं पर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपनी होगी। जिसमें डायरिया फैलने के कारण, पानी टंकी (ओव्हर हेड टेंक) की सफाई, अमृत मिशन योजनान्तर्गत पुरानी पाईप लाईन नहीं बदले जाने तथा नालियों की सफाई एवं नालियों पर किये गये अवैध कब्जों के संबंध में एवं डायरिया की रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय तथा सुझाव देना होगा। इधर नगर निगम की टीम उल्टी दस्त से प्रभावित घनी तथा सघन बस्तियों के बीच निवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदाय हेतु लोहे का स्टैण्ड बनाकर उँचे में सिन्टेकटंकी स्थापित किये हैं। आयुक्त रोहित व्यास एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी प्रभावित बस्तियों का भ्रमण कर क्षतिग्रस्त पेयजल पाईप लाईन का संधारण कार्य नालियों की सफाई , तथा घर-घर चल रहे दवाई एवं क्लोरिन टेबलेट वितरण व सर्वे कार्य का अवलोकन किये।

महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने नागरिकों से अपील किये हैं कि पानी को उबालकर पिए तथा ताजा व गर्म भोजन ग्रहण करें , उल्टी दस्त की शिकायत होने पर नजदीक के अस्पताल अथवा प्रभावित बस्तियों के समीप लगाये गये शासन की चलित मेडिकल यूनिट वाहन पर जांच अवश्य करावें।